तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 गढ़सिवनी स्कूल में व्यक्तित्व विकास व....



14 उत्कल ब्राह्मण समाज की सदस्यता अभियान ...



## खबर संक्षेप

### गौ को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, आज निकलेगी सम्मान यात्रा

**महासमुंद।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने व गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय की गठन के मांग को लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत 27 जुलाई सोमवार को स्थानीय लोहिया चौक में सुबह 8 से विजय महामंत्र के जाप तत्पश्चात 10 बजे गौ सम्मान यात्रा लोहिया चौक से कलेक्टर ऑफिस के लिए निकलेगी, जहां केंद्र एवं राज्य सरकार के नाम गौ माता राष्ट्रमाता घोषित करने एवं गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने समस्त गौ सेवकों द्वारा प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक से खेत की ओर जा रहे एक व्यक्ति को दूसरे बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दुर्गेश चंद्राकर पिता रामलाल चंद्राकर ग्राम नरतोरी ने बताया कि 6 जुलाई को शाम लगभग 5 बजे उसके पिता अपनी बाइक CG 06 एचई 6540 से खेत देखने मुनगासेर गांजर रोड दिलली भाठा खार जा रहा थे, जिसे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8748 के चालक ने टक्कर मार दिया। घटना में उसके पिता को सिर, हाथ-पैर में चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर बाइक चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भगतसरायपाली में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तिरिथ कुमार भोई के साथ गांव के सहदेव ग्वाल और त्रिलोक कुमार ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवा श्रमदान करके डिवाइडर के पेड़ों की कर रहे छंटाई

**फरसगांव।** समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नगर के युवाओं ने एक सराहनीय पहल की है। नगर के मुख्य मार्ग के डिवाइडर में लगे पेड़-पौधे काफी बड़े हो जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए युवाओं ने किसी सरकारी इंतजार के बजाय स्वयं श्रमदान कर डिवाइडर में लगे पेड़-पौधों की कटिंग-छंटाई और सफाई अभियान शुरू किया है। इस जनहित अभियान की शुरुआत पिछले रविवार से की गई थी। लगातार दूसरे रविवार को भी सुबह 7 बजे से 9 बजे तक युवाओं ने श्रमदान करते हुए डिवाइडर में उगे पेड़-पौधों की छंटाई की। अभियान के तहत सिटीओ कॉलोनी से पेट्रोल पंप तक डिवाइडर में लगे पेड़-पौधों को व्यवस्थित किया जा रहा है।

# सड़क पर मवेशी, दुर्घटना का खतरा और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

## शहर के नागरिकों की अपेक्षा, जल्द से जल्द मिले इस समस्या से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मुख्य मार्ग में मवेशियों का लगातार जमावड़ा जारी है। इस संबंध में स्थाई समाधान के लिए बैठक में लिए गए निर्णयों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वास्तव में मवेशियों से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है।

नागरिक अपेक्षा कर रहे हैं कि जल्द से जल्द शहर को इस समस्या से निजात मिले। जिसके लिए सुझाए गए सुझावों को तत्काल अमल में लाए जाने की मांग उठ रही है।

उल्लेखनीय है कि बैठकों में लिए गए निर्णयों पर अमल की शुरुआत अब तक नही हो पाई है। जिसका खामियाजा शहर के रोजमर्रा के दोपहिया चालकों को भुगतना पड़ रहा। शहर के मुख्य मार्ग, जैसे तुमगांव ओवरब्रिज क्रॉसिंग, कचहरी चौक, सुभाष नगर जाने के रास्ते, बीटीआई रोड और स्टेशन रोड पर मवेशियों का दिनभर डेरा रहता है। अचानक सड़क के बीचों-बीच मवेशियों के बैठ जाने या दौड़ने के कारण वाहन चालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिल पाता।



### बाइक चालकों की जुबानी, उनकी परेशानियां

इस गंभीर समस्या से रोजाना दो-चार हो रहे स्थानीय बाइक चालक राकेश साहू रोज सुबह ऑफिस जाते समय मुख्य मार्ग पर मवेशियों का झुंड रास्ते में आ जाता है। विकास सिन्हा ने कहा है कि हाल ही में आयोजित बैठक से हमें उम्मीद जगी थी कि राहत मिलेगी, लेकिन शाम के वक्त सड़कों पर मवेशियों का बैठना और बढ़ जाता है। लोकेश कुमार ने बताया है कि बाइक चलाना नगर में अब जोखिम भरा काम बन गया है। खासकर मुख्य मार्गों पर मवेशियों के बीच से गाड़ी निकालना किसी चुनौती से कम नहीं है। नगर पालिका को पशु मालिकों पर भी सख्त जुर्माना लगाना चाहिए।

### तात्कालिक और सख्त कार्रवाई की दरकार

बाइक चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल बैठकों के दौर के बजाय सड़कों पर सतत निगरानी दल तैनात किए जाएं और मवेशी छोड़ने वाले लापरवाह पशु पालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि नगर की सड़कें सुरक्षित हो सकें।

## दहशत : तीन दंतैल हाथियों का एक दल सक्रिय, ग्रामीणों में दहशत

# हाथियों की आमद-रफ्त ने बढ़ाई परेशानी सिरपुर क्षेत्र के अनेक गांवों में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के निवासी और किसान एक बार फिर हाथियों की दहशत में गुजर कर रहे हैं। इलाके में तीन दंतैल हाथियों का एक दल सक्रिय है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर दर्जनों गांवों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग ने चेतावनी जारी की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये तीनों दंतैल हाथी बीती रात रवान से छताल रोड की ओर बढ़े। इसके बाद वे ग्राम छताल की बस्ती के बिल्कुल करीब से गुजरे और यहां खेतों में लगी फसलों को बुरी तरह रौंद दिया। फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद ये हाथी आगे बढ़ते हुए वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 131, 132 और 54 के जंगलों में प्रवेश कर गए। वर्तमान समय में इन हाथियों का झुंड इसी जंगल क्षेत्र कक्ष क्रमांक 132, 131 और 54 में लगातार विचरण कर रहा है। वन विभाग के मैदानी कर्मचारी और हाथी मित्र दल लगातार इनकी गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।



वन विभाग के ट्रैकिंग दल और विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार हाथियों की अगली चाल को लेकर भी अनुमान लगाया गया है कि ये दंतैल हाथी आने वाले समय में वन विकास निगम या आसपास के कक्ष क्रमांक 80, 46, 55, 53, 58 और 59 की तरफ रुख कर सकते हैं। इन कक्षों के जंगलों और इनसे सटे इलाकों में हाथियों के पहुंचने की संभावना है।

### इन गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी

हाथियों के संभावित रुख को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के कई गांवों को अत्यधिक संवेदनशील मानते हुए हाई अलर्ट पर रखा है। जिन गांवों के ग्रामीणों को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की हिदायत दी गई है, उनमें नांदबारू, तालाझर, छताल, रायकेरा, सुकुलबाय, अमलोर, मरौद, केशलडीह, खिरसाली, बंदोरा इन सभी गांवों और उनके आसपास के इलाकों में मुनादी करा दी गई है ताकि ग्रामीण अपनी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क रहें।

### वन विभाग की सख्त हिदायत और अपील

रेंजर सियाराम कर्माकर ने बताया है कि वन विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर जंगल के भीतर बिल्कुल न जाए। सुरक्षा के मद्देनजर मवेशियों को चराने, लकड़ी या अन्य वनोपज एकत्र करने के लिए जंगल की तरफ बिल्कुल न जाने की सहाल दी गई है। साथ ही हाथियों के दिखाई देने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने और जानकारी विभाग को पहुंचाने की बात कही गई है।

# 107 लीटर अवैध शराब और 450 किलो महुआ लाहन जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने रविवार को खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोमा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब और महुआ लाहन बरामद किया गया है। मामले में विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश में तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडेय के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने ग्राम कोमा निवासी नरेश रात्रे पिता पवन रात्रे के घर और ठिकानों पर छापा मारा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध गतिविधियों का बड़ा जखीरा हाथ लगा। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मौके से अवैध सामग्री जब्त की गई जिसमें हाथ भट्ठी महुआ शराब 100 लीटर अनुमानित कीमत 20,000 रुपए, महुआ लाहन 450 किलोग्राम कीमत 22,500 रुपए, देशी प्लेन मदिरा 44 नग (सुपर-36 लेबल युक्त, प्रत्येक 180 मिली), कुल 7.29 बल्क लीटर कीमत 3,520 रुपए। कार्रवाई के दौरान कुल 107.29 बल्क लीटर मदिरा और 450 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपी नरेश रात्रे के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी



अधिनियम की धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। आरोपी पर धारा 34(1)(क)(च), 34(2) और 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना और जांच आबकारी उपनिरीक्षक आनंद स्वर्णकार द्वारा की जा रही है। टीम में हृदय कुमार तिरपुड़े, अनिल कुमार झारिया, आरती साहू और चेतना वर्मा शामिल रहे। इनके साथ महासमुंद आबकारी विभाग का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

### लगातार जारी रहेगा अभियानः पांडेय

जिला आबकारी अधिकारी अजय पांडेय ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। इसी के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## गौ तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, 13 गौवंश सुरक्षित, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौ सेवक कमलेश डडसेना एवं उनकी टीम की सतर्कता तथा थाना सांकरा पुलिस के संयुक्त प्रयास से सांकरा क्षेत्र में गौ तस्करी के एक मामले का खुलासा हुआ। संयुक्त कार्रवाई में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 13 नग गौ माता एवं नंदी बाबा को सुरक्षित मुक्त कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों संदीप कुमार यादव उर्फ गोलू, पिता गुलाबराम यादव निवासी ग्राम पुरगांव थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, गणेशराम बंजारा पिता कलीराम बंजारा, निवासी ग्राम सिंघीटार, थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं काशीराम बंजारा पिता साखाराम बंजारा, निवासी ग्राम सिंघीटार, थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ शामिल है। इस अभियान में कमलेश डडसेना के साथ मोहित साहू, हिमांशु प्रधान, तुषार सेठ, जयकुमार राणा, तेजकुमार राणा, नरेंद्र तांडी, चंदन बाघ, खिलेश यादव, अनीश कुमार एवं दीपक यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। गौ सेवकों एवं थाना सांकरा पुलिस की तत्परता से गौवंश को सुरक्षित बचाया गया। गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता की रक्षा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## नगर में मौसमी फुटू की बहार, आसमान छू रहे दाम



**महासमुंद।** नगर में इन दिनों मानसून की दस्तक के साथ ही स्थानीय स्तर पर मिलने वाले मौसमी मशरूम यानी फुटू की बिक्री शुरू हो गई है। बाजार में इनकी मांग काफी बढ़ गई है, जिसके चलते फुटू 250 से 300 रुपए प्रति पाव (250 ग्राम) की ऊंची कीमत पर बिक रहा हैं। इसके बावजूद स्वाद के शौकीन ग्राहक महंगे दामों में भी इसे खरीदने से पीछे नहीं हट रहे हैं। सीमित आवक और भारी मांग के कारण दाम आसमान छू रहे हैं।

# ठेकेदार के घर से नगद साढ़े तीन लाख और ज्वेलरी चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के दैहानीभांठा स्थित एक घर से नगदी समेत ज्वेलरी चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा के दैहानीभांठा निवासी व ठेकेदार बाबूलाल भोई के घर से 24-25 जुलाई के बीच चोरी हुई है। घटना के समय बाबूलाल अपने ससुराल तोरला पटेवा गया हुआ था। 25 जुलाई को लगभग 11.30 बजे उसके साथी पराग पुजारा ने फोन पर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद जब वह घर पहुंचा देखा कि कमरे में सामान बिखरा हुआ था और आलमारी का ताला टूटा हुआ था। आलमारी में रखे नगद रकम 3,50,000 रुपए, एक नग सोने का हार, दो नग सोने का कान का टॉप्स, एक नग सोने की चेन, एक नग सोने का ब्रेसलेट, दो नग चांदी की अंगूठी, चार नग चांदी का बिछिया नहीं नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## परिवार की कुशलता के लिए मां शीतला के दरबार पहुंचेंगे श्रद्धालुजन

# शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का पर्व आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शीतला मंदिर में आज माता पहुंचनी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर नगरवासी अपने और अपने परिवार की कुशलता के लिए मां शीतला के दरबार में पहुंचकर यथायोग्य भेंट अर्पित करेंगे। पर्व के दौरान मंदिर प्रांगण में मेले जैसा माहौल रहेगा, जहां सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहेगा। माता पहुंचनी के दिन दर्शनार्थियों का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो जाता है। सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद मां शीतला मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं।

नगरवासियों के लगातार मंदिर पहुंचने से पूरा परिसर उत्सवमय हो जाता है। मंदिर के बाहर नारियल, धूप, दीप और पूजन सामग्रियों के साथ-साथ चाट-गुपचुप की दुकानें भी सजती हैं, जिनका आनंद दर्शनार्थी दर्शन के बाद उठाते हैं। इसके अलावा, मंदिर के बाहर माता सेवा के लिए जस गीत की टोलियां मांदर की थाप पर लगातार भजन प्रस्तुत करती हैं। यह त्योहार सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ा हुआ है। आषाढ़ मास की शुरुआत में धान की फसलों की बुआई के पश्चात यह पर्व मनाया जाता है। ग्रामीण और नगरवासी गांव, फसलों तथा जीव-जंतुओं को बीमारियों और व्याधियों से बचाने के लिए शीतला माता की आराधना करते हैं। इसके लिए



परंपरा के अनुसार गुरुवार या सोमवार का दिन तय कर शीतला मंदिर प्रांगण में जस गीत गाकर माता की सेवा की जाती है। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मंदिर में पहुंचकर नारियल और फूल चढ़ाते हैं तथा अपने परिवार, जीव-जंतुओं और फसलों की रक्षा के लिए मन्नतें मांगते हैं।

### ठंडई छिड़काव का विशेष महत्व

इस पर्व में ठंडई के छिड़काव का विशेष धार्मिक और पारंपरिक महत्व होता है। जिन घरों में छोटी माता, सेंद्री या गलवा माता का प्रकोप होता है, वहां के लोग मां शीतला को प्रसन्न करने के लिए पूरी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। हल्दी और पानी से तैयार इस ठंडई को मंदिर के कार्यकर्ताओं द्वारा नीम के पत्तों से श्रद्धालुओं पर छिड़का जाता है। श्रद्धालु इस ठंडई को प्राप्त कर अपने घरों में भी इसका छिड़काव करने के लिए ले जाते हैं।

### आसपास के गांवों में भी आयोजन

नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी आषाढ़ माह में सोमवार या गुरुवार का दिन तय कर माता पहुंचनी का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण थाली में चावल, दाल, नारियल, फूल और अगरबत्ती लेकर शीतला मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर में नीम के पत्तों से हल्दी युक्त पानी की बूंदों का छिड़काव किया जाता है, जिसे ग्रामीण भाषा में ठंडई लेना कहा जाता है। ग्रामीण माता का आशीर्वाद लेकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

## प्रधान ने सदैव युवाओं और देश की 'जेनरेशन-जेड' की आकांक्षाओं को दी प्राथमिकताः रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा : प्रधान का त्यागपत्र सार्वजनिक जीवन में उच्च नैतिक मानकों, शुचिता, राष्ट्रहित और 'युवा प्रथम' की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से शनिवार को इस्तीफा देने के बाद धर्मेंद्र प्रधान के योगदान की सराहना की है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि धर्मेन्द्र प्रधान का त्यागपत्र सार्वजनिक जीवन में उच्च नैतिक मानकों, शुचिता, राष्ट्रहित और 'युवा प्रथम' की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधान का संपूर्ण कार्यकाल देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और समावेशी बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक रहा है। बड़े सामाजिक एवं राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए पद छोड़ने का उनका फैसला दर्शाता है कि उनके लिए पद से बढ़कर राष्ट्र सेवा और नैतिक मूल्य हैं। इस अभूतपूर्व और साहसिक निर्णय में भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधान ने अपने छात्र जीवन और छात्र आंदोलनों से लेकर शासन की उच्च जिम्मेदारियों तक हमेशा युवाओं और देश की 'जेनरेशन-जेड' की आकांक्षाओं को प्राथमिकता दी है। शिक्षा क्षेत्र की जटिलतम चुनौतियों का सामना करते हुए भी उन्होंने हर नीति और निर्णय के केंद्र में हमेशा विद्यार्थियों के हितों को रखा। उनका यह कदम देश के युवाओं और नई पीढ़ी के प्रति संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल है।

चौधरी ने प्रधान के दीर्घकालिक सार्वजनिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सच्चे नेतृत्व का आकलन दशकों के समर्पित कार्य से होता है। प्रधान की 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और अनुशासन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में सदैव मार्गदर्शक बनी रहेगी।

खबर संक्षेप

## नए स्टार्टअप के अवसरों से जुड़ेगा छत्तीसगढ़




**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले भारत व्यापार महोत्सव में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं रिकार्ड भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 26 जिलों के जिला अध्यक्ष और प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि भारत व्यापार महोत्सव केवल एक ट्रेड फेयर नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक शक्ति, स्वदेशी उद्यमिता और वैश्विक व्यापार का सबसे बड़ा संगम है। यह महोत्सव देश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और युवा उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए व्यापारिक अवसरों का प्रवेश द्वार सिद्ध होगा।

## हाईवे पर हेलमेट अनिवार्य करने की मांग सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर हाईवे पर शीघ्र हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की है। श्री आहूजा द्वय ने कहा कि हम लगातार 7 महीने से आपसे यह मांग कर रहे हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ में 2023 से 2025 तक एक्सीडेंट व मृत्यु के आंकड़े 8 जनवरी को जारी किए थे, इनमें 2023 एक्सीडेंट 13468, मृत्यु 6166, 2024 एक्सीडेंट 14857, मृत्यु 6945, 2025 एक्सीडेंट 13504, मृत्यु 5955 हुए है। राज्य शासन के आदेश पर अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को केंद्रीय कानून एवं छत्तीसगढ़ के कानून के तहत बाइक सवार एवं सह सवार के लिए हेलमेट लगाने का आदेश जारी कर दिया था, जो रायपुर के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। इसके बाद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट पर कोई चर्चा नहीं की गई।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों और विपक्ष के एकजुट संघर्ष की जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जुहार परिवार के प्रदेशाध्यक्ष संजय नाग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को छात्रों और विपक्ष के एकजुट संघर्ष की ऐतिहासिक जीत करार दिया है। श्री नाग ने जोरदार हमला बोलते हुए कहा, छात्रों के उग्र प्रदर्शन और विपक्ष के चौतरफा दबाव के आगे आखिरकार अहंकारी केंद्र सरकार को घुटने टेकने ही पड़े। छात्रों और विपक्ष की एकजुटता रंग लाई है, जिसने सत्ता के अहंकार को चकनाचूर कर दिया। यह इस्तीफा कोई नैतिकता नहीं, बल्कि जनआक्रोश से बचने और अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने का देर से किया गया 'डैमेज कंट्रोल' मात्र है। पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं के भविष्य को छलने वाली सरकार सिर्फ एक इस्तीफे से अपने पाप नहीं धो सकती। युवाओं के सपनों का कत्ल करने वाले इस भ्रष्ट तंत्र का पूरा हिसाब होना अभी बाकी है।

# दूरवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ कर सकता है एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण, आदिवासी एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ कर सकता है। यूएई स्थित मल्क इंटरनेशनल समूह की डिजिटल हेल्थकेयर इकाई मल्क मेड हेल्थकेयर ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के छत्तीसगढ़ चैप्टर के समक्ष अपने एआई आधारित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम का प्रस्तुतिकरण किया।

इस आयोजन में एएचपीआई के केंद्रीय उप महानिदेशक डा. सुनील खेतरपाल, छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, सचिव अतुल सिंघानिया मल्क मेड हेल्थकेयर के प्रतिनिधियों तथा भारत में उनके रणनीतिक सहयोगी डीवाई पाटिल समूह के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म तथा मोबाइल हेल्थकेयर समाधान किस प्रकार वर्तमान अस्पतालों की सेवाओं को पूरक बनाते हुए दूरस्थ एवं चिकित्सा सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों तक विशेषज्ञ परामर्श एवं निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा सकते हैं। सचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि प्रस्तावित इकोसिस्टम भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप विकसित किया गया है तथा देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों तथा उन क्षेत्रों में इस तकनीक के संभावित उपयोग पर चर्चा की, जहां विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अभी भी सीमित है।

### यूएआई की मल्क मेड ने एएचपीआई छत्तीसगढ़ के समक्ष दिया प्रस्तुतिकरण

#### स्वास्थ्य सेवाओं में प्रभावी भूमिका

बैठक के बाद एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियां तेजी से विकसित हो रही हैं और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ऐसी तकनीकें विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों तथा अन्य आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में सहायक हो सकती हैं। मल्क मेड हेल्थकेयर की मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. सना किब्रिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य अस्पतालों का स्थान लेना नहीं, बल्कि उनके साथ मिलकर कार्य करना है। एआई आधारित स्क्रीनिंग, टेलीमेडिसिन एवं डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को दूरस्थ एवं वंचित समुदायों तक पहुंचाया जा सकता है।




#### विशेष प्रौद्योगिकी फोरम का आयोजन

एएचपीआई छत्तीसगढ़ अपने सदस्य अस्पतालों के लिए एक विशेष प्रौद्योगिकी फोरम आयोजित करने पर विचार कर रहा है, जिसमें मल्क मेड हेल्थकेयर अपने प्रस्तावित वर्चुअल हॉस्पिटल इकोसिस्टम का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करेगा।

### मार्निंग और इवनिंग वॉक करने वाले हैरान

# करोड़ों खर्च कर 'बघवा' को सजाया पर अंधेरे ने कर दिया सब चौपट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संत रविदास वार्ड के रायपुरा स्थित विप्र नगर के बघवा तालाब गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और गार्डन विकसित करने का काम 2.50 करोड़ खर्च होने के बाद भी आधा-अधूरा हो पाया है। तालाब की दशा तो सुधरी, पर पाथ-वे के आसपास लगाई गई तमाम स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। विद्युत विभाग से मीटर और टाइमर लगाने के बाद भी स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग हैरान हैं। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने चार बार इस संबंध में जोन 8 कमिश्नर, निगम आयुक्त और महापौर मीनल चौबे को पत्र भी लिखा, इसके बाद भी बंद पड़ी लाइटों को आज तक सुधारा नहीं जा सका है। ठेका एजेंसी और निगम की मनमानी का खामियाजा वहां के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के सीजन में सांझ ढलते ही बघवा तालाब और उससे लगे गार्डन मे अंधेरा छाने से लोग यहां आने-जाने से कतरा रहे हैं। वहीं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों को यहां आने में डर सताने लगा है।

रायपुरा क्षेत्र के बघवा तालाब और उससे लगे क्षेत्र में सुंदर बगीचा विकसित करने के बाद न तो जोन 8 के अधिकारियों ने इसकी सुध ली, न ही निगम मुख्यालय से इंजीनियर कभी ये देखने आए कि तालाब वहां की स्थिति क्या है? तालाब की स्ट्रीट लाइटें बंद होने और ओपन जिम की स्थापना नहीं होने के बाद भी इसे एकतरफा हैंडओवर की हड़बड़ी की जा रही है, जबकि संबंधित जोन के अधिकारी और वार्ड पार्षद चाहते हैं कि अनुबंधित एजेंसी से पहले पूरा काम कराया जाए इसके बाद ही हेंडओवर पर विचार होगा।

**दिखवाता हूं**

रायपुरा के बघवा तालाब और उससे लगे गार्डन क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, यह शिकायत संज्ञान में आई है, इसे दिखवाता हूं। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराया जाएगा।

- **संबित मिश्रा**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

#### कहां है ओपन जिम

अमृत मिशन के अंतर्गत तालाब का काम हुआ है, इसमें ओपन जिम का भी प्रावधान है। इसके लिए तालाब के कई हिस्सों में बड़ा भूखंड भी है, लेकिन आज तक जिम के उपकरण नहीं लगे। जिम की जगह बेडमिंटन कोट जरूर बनाया गया है, पर यह सिर्फ मवेशियों के काम आ रहा है।

#### कई घरों में हो चुकी चोरी

अंधेरे और पुलिस की उदासीनता की वजह से विप्रनगर कालोनी में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस का फेरा यहां लगता ही नहीं है। वारदात होने के बाद महज खानापूर्ति जैसी ही कार्रवाई हो पाती है। ज्यादातर मामलों में महज सूचना ही दर्ज होती है, एफआईआर नहीं। पुलिस की ढिलाई की वजह से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

# चार गांजा तस्करों को 20 तथा 10 वर्ष कैद के साथ जुर्माना

## कोर्ट ने दो अलग-अलग प्रकरणों में आरोपियों को सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांजा तस्करी के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने चार लोगों को 10 तथा 20 वर्ष कैद के साथ एक-एक तथा दो-दो लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश डमरूधर चौहान तथा शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। एक प्रकरण तीन वर्ष पूर्व का है। एक अन्य प्रकरण पिछले वर्ष का है।

विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार डमरूधर की कोर्ट ने दुर्ग निवासी मनीष बसोर तथा विक्की मानिकपुरी को 10-10 साल कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी देवभोग के रास्ते बाइक में



ओडिशा से गांजा तस्करी कर दुर्ग ले जा रहे थे। बाइक की तलाशी लेने पर आरोपियों की डिक्की से अलग-अलग पैकेट में पांच किलो गांजा जब्त किय गया था। गांजा जब्ती की घटना 29 जून 023 की है।

#### पिकअप से गांजा बेचने सारंगढ़ ले जा रहे थे

विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने मध्यप्रदेश निवासी जगदीश भाटिया तथा ओडिशा निवासी भुयना दिगल को 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पिकअप वाहन में 83 किलो गांजा जब्त किया था। मोबाइल की जांच करने पर पुलिस ने पाया कि भुयना गांजा का सौदा कर सारंगढ़ के जंगल में छोड़ने जा रहा था। इसके लिए उसने एक लाख रुपए भी ले लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से सात जनवरी 2025 को गांजा जब्ती किया था।

## मांग पूरी नहीं होने पर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ करेगा 6 और 7 अगस्त को संभागस्तरीय आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर 6 और 7 अगस्त को संभाग स्तरीय आंदोलन करने का ऐलान किया है। महासंघ ने 2 दिवसीय आंदोलन और रैली के लिए पुलिस कमिश्नर रायपुर और जिला दंडाधिकारी को हड़ताल और रैली निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया है। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर लामबंद नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल, प्रदेशभर के 14 नगर निगम, 54 नगर पालिका, 124 नगर पंचायतों में कार्य करने वाले नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे ने बताया कि, पिछले 15 से 20 सालों से प्रदेश के नगरीय निकाय, नगरपालिका और नगर पंचायत में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों के मांगों की अनदेखी होने से प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। महासंघ की मांग है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की भांति नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी संविदा दर पर पारिश्रमिक भुगतान किया जाए। इसी तरह 4 नए श्रम कानून नगरीय निकायों में लागू किया जावे।



- हड़ताल और रैली की अनुमति के लिए पुलिस कमिश्नर, जिला दंडाधिकारी को किया आवेदन

# नीट परीक्षा को लेकर राजधानी में आयोजित आंदोलन ठंडा पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट एग्जाम को लेकर भीम आर्मी, एनएसयूआई सहित कई संगठन ने रविवार को रायपुर में बड़े प्रदर्शन कर राजभवन का घेराव करने की चेतावनी दी थी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र देने के बाद दिल्ली में आंदोलनकारी कॉकरोच जनता पार्टी ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा कर दी है। रायपुर के छात्र संगठनों ने अभी तक आंदोलन समाप्त करने की घोषणा नहीं की है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित छात्र संगठन के नेताओं को डीसीपी ने मिलने के लिए बुलाया।

डीसीपी से मिलने गए छात्र नेताओं ने रविवार को प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन कर रैली निकालने डीसीपी को आश्वासन दिया है। डीसीपी ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है, डीसीपी से मिलने गए कई छात्र संगठन केंद्रीय मंत्री के त्यागपत्र के बाद आंदोलन के पक्ष में नहीं हैं।

- सुरक्षा के लिहाज से राजभवन के पास बैरिकेड लगाए गए

#### राजभवन के आसपास बैरिकेडिंग

किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने तथा राजभवन जाने के मार्ग के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया गया है। डीसीपी तारकेश्वर पटेल के अनुसार सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। गड़बड़ी करने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ डीसीपी ने सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण आज से, घर-घर जाएगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्य सोमवार से रायपुर जिले में शुरू होने जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। इस सर्वेक्षण के लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग के जिला एवं मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाई गई है, जो तय लक्ष्य के तहत चयनित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के घर-घर जाकर उनके रोजगार, व्यवसाय एवं आय से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी लेकर इसकी ऑनलाइन एंट्री विभाग के पोर्टल पर करेगी।

- ऋण-निवेश, प्रवासन एवं असंगठित सेवा परिवारों के रोजगार, व्यवसाय एवं कमाई की रिपोर्ट करेगी तैयार

**सर्वेक्षण के दौरान टेबलेट पर ऑनलाइन एंट्री :** सर्वेक्षण का कार्य 31 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सर्वेक्षण की टीम मौके पर टेबलेब के जरिए परिवारों द्वारा दी जाने वाली जानकारी की ऑनलाइन एंट्री पोर्टल में की जाएगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे राष्ट्रीय महत्व के इस सर्वेक्षण में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें, जिससे जिले से संबंधित सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों का सटीक संकलन किया जा सके। इन आंकड़ों का उपयोग विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किया जाएगा।




#### बनाई गई है टीम

अखिल भारतीय ऋण-निवेश, असंगठित सेवा क्षेत्र एवं प्रवासन सर्वेक्षण का कार्य सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए टीम गठित की गई है।

**रामनारायण वर्मा,** सहायक जिला अधिकारी योजना-सांख्यिकी विभाग

#### एनएसएस का 81वां राउंड

योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने इस सर्वेक्षण से संबंधित आदेश 17 जुलाई को जारी किया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण का यह 81वां राउंड है। इस राउंड के अंतर्गत अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण (एआईडीआईएस), असंगठित सेवा क्षेत्र सर्वेक्षण (एसएएस) तथा प्रवासन (माइग्रेशन) सर्वेक्षण के लिए जिले में 6 सदस्यों की टीम बनाई गई है। इस टीम में संचालनालय विभाग से 6 सदस्य भी शामिल रहेंगे, जिनके नेतृत्व में टीम शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चयनित ब्लॉक एवं ग्राम में जाकर चुनिंदा घरों में जाकर परिवारों से रोजगार, व्यवसाय एवं आय से संबंधित जानकारी ली जाएगी।

# फेसबुक में महिलाओं पर कांग्रेस नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणी, एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने संजय बघेल और सुरेन्द्र वर्मा द्वारा फेसबुक पर महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों, फोटो और वीडियो को संज्ञान में लिया है। आयोग ने इसे अत्यंत गंभीर प्रकरण मानते हुए त्वरित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। संजय बघेल पूर्व पार्षद एवं प्रभारी महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, भाटापारा शहर हैं, जबकि सुरेन्द्र वर्मा बिलासपुर के कांग्रेस पदाधिकारी हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर महिलाओं के सम्मान के खिलाफ अमर्यादित और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की।

- महिला आयोग ने एसपी से कहा-एफआईआर दर्ज करें

आयोग अध्यक्ष ने इसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार और पुलिस अधीक्षक बिलासपुर से चर्चा की। उन्होंने संबंधित पुलिस




अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 तथा भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयोग ने विशेष रूप से एआई से निर्मित आपत्तिजनक फोटो और वीडियो की जांच पर जोर दिया है। सामग्री बनाने और पोस्ट करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर तीन दिन के भीतर महिला आयोग को कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर महिलाओं के सम्मान के खिलाफ किसी भी तरह की अमर्यादित सामग्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कारगिल युद्ध के अमर शहीद की धातु प्रतिमा का अनावरण

# शहीद कौशल यादव की प्रतिमा का सांसद बृजमोहन ने किया अनावरण, शहीद गैलरी बनाने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कारगिल युद्ध के अमर शहीद कौशल यादव को उनके 27वें शहादत दिवस पर राजधानीवासियों ने नमन किया। इस मौके पर नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के सिविल लाइन आकाशवाणी चौक के समीप समारोह का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद कौशल यादव की धातु निर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध के अमर शहीद कौशल यादव की प्रतिमा




आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। उन्होंने प्रतिमा स्थल के पास शहीद गैलरी विकसित करने का सुझाव देते हुए कहा कि यहां देश के अन्य वीर शहीदों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जानी चाहिए, ताकि नागरिक और युवा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने शहीद नायक कौशल यादव का श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने जोन 4 आयुक्त डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी को प्रतिमा स्थल के आसपास रेलिंग लगाने, समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्थल को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद अर्जुन यादव, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष हियाल, पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ यादव समाज पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ यादव समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जनक यादव ने और आभार प्रदर्शन जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने किया।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर ई जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त जन शिकायत पर निगम अमले ने लाखे नगर, रायपुरा इलाके की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर संबंधित संस्थान के संचालक से ई जुर्माना वसूला गया। जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गनिर्देशन में नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाखेनगर चौक के पास लक्ष्मी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 2 हजार रुपए ई चालान किया, वहीं रायपुरा चौक के पास ओम ट्रेडर्स में निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 2 हजार रुपए ई चालान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य दुकानदारों एवं ठेले वालों पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 11,700 रुपए ई चालान कर दोबारा ऐसी गलती न करने चेतावनी दी गई।

- नगर निगम जोन 5 ने लाखेनगर, रायपुरा चौक के पास किया औचक निरीक्षण



**खबर संक्षेप**

## अनाचार के आरोपी को 10 साल की सजा

**महासमुंद।** नाबालिग से अनाचार के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट मोनिका जायसवाल ने खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरा निवासी 19 वर्षीय वेदराम नेताम पिता माखन नेताम को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (1) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 हजार रुपए से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार पीड़िता के पिता ने महासमुंद थाना में शिकायत दर्ज कराई कि 20 अप्रैल 2025 को उसकी पुत्री महासमुंद के शंकराचार्य भवन आई थी, जहां दोपहर करीब 3 बजे पानी पीकर आती हूं कहकर बाहर निकली जो काफी देर तक नहीं लौटी। आसपास तलाश करने के बाद थाने में गुम इंसान कायम किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता अभियुक्त वेदराम के कब्जे से बरामद की गई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

## इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म



**रायपुर।** पुलिस परिवार ने 25 जुलाई 2001 को अपने खर्च पर भिलाई में मोहम्मद साबिर खान का विवाह कराया। शादी के बाद भी उनका साथ नहीं छोड़ा। आज तक साबिर और उनका परिवार उसी अपनत्व के साथ जुड़ा हुआ है। साबिर खान की दो बेटियां हैं। परिवार में दोनों धर्मों की परंपराओं का सम्मान किया जाता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाजों के साथ बच्चों का पालन-पोषण हुआ। यह केवल साथ रहने की कहानी नहीं, बल्कि परस्पर सम्मान और विश्वास की मिसाल है। हाल ही में 12 जुलाई को साबिर खान की बेटी का विवाह जमशेदपुर में संपन्न हुआ। पुलिस परिवार के सदस्य स्वयं वहां पहुंचे, चार दिन तक विवाह की सभी तैयारियों और रस्मों में शामिल रहे और पिता की जिम्मेदारी निभाते हुए पूरी शादी संपन्न कराई। यह केवल एक सामाजिक उपस्थिति नहीं थी, बल्कि वर्षों पुराने रिश्ते को निभाने का प्रमाण था। आज जब समाज अक्सर धर्म, जाति और पहचान के आधार पर बंटा दिखाई देता है, तब यह पुलिस परिवार याद दिलाता है कि सबसे मजबूत रिश्ता इंसानियत का होता है। एक छोटे से बच्चे को परिवार देकर जो सफर शुरू हुआ था, वह आज कई दशकों बाद भी उसी विश्वास, सम्मान और प्रेम के साथ आगे बढ़ रहा है।

# विधायक बोले: यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए बनेगा वीरता का पवित्र तीर्थ

### कारगिल विजय दिवस पर बसना को मिली शहीद स्मारक की सौगात, बसना में शहीद स्मारक का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

1999 के कारगिल युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में 27वें कारगिल विजय दिवस पर बसना के दशहरा मैदान में शहीद स्मारक अनावरण एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सर्वप्रथम भारत माता, क्षेत्र के अमर शहीद योगेश्वर दास एवं शहीद डॉ. मेजर गगनदीप सिंह भाटिया के तैलचित्र/चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने पूर्व सैनिकों एवं वीर शहीदों के पूजनीय परिजनों को सम्मानित कर उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज का यह अवसर केवल एक शहीद स्मारक के लोकार्पण का नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के चरणों में अपनी श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान अर्पित करने का पावन अवसर है, जिनके त्याग और बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में गर्व से जीवन जी रहे हैं। मैं अमर शहीद योगेश्वर दास, डॉ. मेजर गगनदीप सिंह भाटिया तथा भारत माता के उन सभी अमर वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन करता हूं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे की शान को सदैव ऊंचा रखा। उन्होंने आगे कहा कि यह शहीद स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, त्याग और वीरता का पवित्र तीर्थ बने रहेगा। यहां आने वाला प्रत्येक नागरिक अपने वीरों के प्रति सम्मान और देश सेवा का संकल्प लेकर जाएगा। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पूर्व सैनिक संघ फुलझर अंचल, शहीद स्मारक निर्माण समिति, दानदाताओं, श्रमदान करने वाले साथियों और क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया जिनके प्रयासों से बसना की धरती पर यह प्रेरणा-स्थल आकार ले सका। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित जनसमूह को शहीदों के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प दिलाया तथा भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ अपना संबोधन समाप्त किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, ऑफसेटिंग डायरेक्टर राज्य सैनिक बोर्ड छत्तीसगढ़ लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कुमार देवांगन, शहीद गगनदीप की धर्मपत्नी डॉ महेंद्र कौर, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, पूर्व सैनिक फुलझर अंचल अध्यक्ष महेंद्र नाथ कैवर्त, शहीद गगनदीप भाटिया परिजन नरेंद्र सिंह, कमांडेंट आईटीबीपी खरोरा पुनीत भगत, पिता गगनदीप सिंह भाटिया नगेंद्र सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, पूर्व अध्यक्ष मेडिकल एसोशिएशन हरदीप सिंह, पूर्व सैनिक वेणुधर साहू, विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश साहू, कर्नल राजकुमार, नासिर अली, हरदेव पाल, रविंदर सिंह, मंच संचालक लेफ्टिनेंट एस के शुक्ला सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।





### चयन : केंद्रीय समिति में शामिल होकर निभाएंगी राष्ट्रीय दायित्व

# हर घर तिरंगा अभियान की केंद्रीय समन्वय समिति में रूपकुमारी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान के प्रभावी संचालन, समन्वय और निगरानी के लिए केंद्रीय स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी अधिकृत पत्र के अनुसार इस महत्वपूर्ण समिति में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग सिंह देव को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

पार्टी द्वारा गठित इस केंद्रीय समिति का संयोजक राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को बनाया गया है। समिति में पूर्व हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अनिल एंटनी, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, सांसद राजकुमार चाहर, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक अनंत ओझा तथा अनुराग सिंह देव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। यह समिति पूरे देश में अभियान के सफल संचालन के लिए राज्यों और संगठनात्मक इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करेगी। भाजपा के निर्देशानुसार 11 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक पूरे देश में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ना, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों का स्मरण करना तथा युवाओं में राष्ट्रीय चेतना को और अधिक मजबूत करना है। अभियान के दौरान प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने के लिए जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न स्थानों पर भव्य तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां, युवा एवं महिला सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत-संगीत, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष आयोजन तथा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।



केंद्रीय समन्वय समिति अभियान की संपूर्ण कार्ययोजना तैयार करने, राज्यों के साथ नियमित समन्वय स्थापित करने, कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने तथा अभियान को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएगी। समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि अभियान पूरे देश में एकरूपता, उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो। रूपकुमारी चौधरी को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समिति में शामिल किए जाने को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए सम्मानजनक उपलब्धि माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे प्रदेश नेतृत्व पर केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास का प्रतीक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं अनुराग सिंह देव को भी केंद्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से प्रदेश भाजपा संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि हर घर तिरंगा अभियान पिछले कुछ वर्षों में देशभर में जनभागीदारी का एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनकर उभरा है। इस अभियान के माध्यम से करोड़ों नागरिक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश देते हैं। इस वर्ष भी भाजपा ने अभियान को अधिक व्यापक, प्रभावी और जन-सहभागिता आधारित बनाने के उद्देश्य से समयपूर्व तैयारियां शुरू कर दी है।

# भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए छात्र आंदोलनों को बदनाम करना बंद करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला प्रवक्ता द्वारा कांग्रेस के छात्र आंदोलन पर दिए गए बयान को पूरी तरह से निराधार, हास्यास्पद और बौखलाहट से भरा बताते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा है कि युवाओं और छात्रों की जायज मांगों को दबाने के लिए भाजपा लगातार अनर्गल बयानबाजी का सहारा ले रही है। चावला ने कहा कि देश और प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी, पेपर लीक और पारदर्शी शिक्षा प्रणाली के अभाव से त्रस्त है। जब छात्र अपने हक और भविष्य की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाते हैं, तो भाजपा सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन पर ₹राजनीति करने₹ का झूठा थप्पा लगाकर ध्यान भटकाने का प्रयास करती है।

### आरएसएस प्रमुख के बयान से उजागर हुई भाजपा की मनमानी

कांग्रेस ने याद दिलाया कि हाल ही में स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने छात्र आंदोलनों और युवाओं के आक्रोश को लेकर सत्ता और व्यवस्था को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया है कि हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। हमें युवाओं को समझने के लिए बातचीत का जरिया अपनाना ही होगा। कांग्रेस ने कहा कि जब भाजपा के अपने ही वैचारिक मार्गदर्शक सरकार को छात्रों के साथ संवाद करने और मनमानी न करने की सलाह दे रहे हैं, तब भाजपा प्रवक्ताओं का छात्रों के आंदोलन को बदनाम करना उनके चरम पर पहुंचे राजनीतिक अहंकार को दर्शाता है।

### छात्रों की ढाल बनी है कांग्रेस, राजनीति नहीं कर रही

जंतर-मंतर से लेकर देश भर में हुए प्रदर्शन देश के पीड़ित छात्रों के स्वतःस्फूर्त आक्रोश का परिणाम हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। भाजपा प्रवक्ता को इधर-उधर के अनर्गल आरोप लगाने के बजाय अपनी सरकार से सवाल पूछना चाहिए कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कब बंद होगा? धांधली और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए विपक्ष पर आरोप मढ़ना अब बंद होना चाहिए। लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना और असहमति व्यक्त करना संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार को लाठी, दबाव और दुष्प्रचार का रास्ता छोड़कर युवाओं की मांगों पर गंभीरता से संवाद करना चाहिए।

# पिथौरा में भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

### पीएम ने छत्तीसगढ़ के जल संरक्षण मॉडल और मल्हार की ऐतिहासिक खोज को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' 136वें संस्करण को रविवार को पिथौरा में सुना गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रायगढ़ जिला प्रभारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, अजजा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मन्नूलाल ठाकुर, भाजपा महासमुंद जिला कार्यसमिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती निषाद, एल्डरमैन किशोर पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रेश्वर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' समाज को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# नीट विवाद, प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छात्रों के संघर्ष और राहुल गांधी की आवाज़ की जीत : दीपक बैज

नीट परीक्षा विवाद को लेकर चले छात्र आंदोलन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने शनिवार को रायपुर में 'विजय मार्च' निकाला। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों के संघर्ष और लोकतांत्रिक दबाव की जीत बताते हुए शहर में रैली निकाली तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



विजय मार्च में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए इस जीत को देश के लाखों छात्रों के संघर्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार उठाई गई आवाज़ की जीत बताया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा, नीट मुद्दे पर देशभर में छात्रों के आंदोलन और विपक्ष के लगातार दबाव के चलते केंद्र सरकार को झुकना पड़ा। कांग्रेस नेताओं ने इसे युवाओं की जीत बताते हुए आंदोलन में शामिल छात्रों को बधाई दी। कांग्रेस ने कहा, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। पार्टी नेताओं ने मांग की कि नीट परीक्षा से जुड़े पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ जगदलपुर निवासी हरिका राव नायडू ने नीट परिणाम के बाद आत्महत्या कर ली थी, विजय मार्च के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने हरिका राव की छायाचित्र को हाथ में लेकर मार्च करते हुए नजर आए। इसके पश्चात अंबेडकर चौक पहुंचकर नीट मामले में अपनी जान गवाने वाले छात्रों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीट प्रकरण को लेकर कई महीनों तक सड़क से लेकर संसद तक लगातार आवाज़ बुलंद की और छात्रों के अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ाई लड़ी।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए हुई बैठक

### अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा–2026 के सफल आयोजन एवं व्यापक जनसंपर्क के उद्देश्य से महासमुंद विकासखंड की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगदीश राज साहू ने की। बैठक में बोधराम साहू, जगमोहन साहू, डोमार साहू,



रिखीराम साहू, नीतू साहू, दुलारी चंद्राकर, गीता गोहिया, आशीष साहू, भारत साहू, हीरालाल साहू, भगत राम साहू, नंदकुमार साहू एवं एमएल साहू सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासमुंद विकासखंड के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों से संपर्क कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा–2026 में सम्मिलित कराया जाएगा। इसके लिए व्यापक जनसंपर्क एवं संपर्क अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 03 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा कक्षा 5वीं से 12वीं एवं महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग प्रश्नपत्रों के माध्यम से आयोजित की जाएगी। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य, जिला, ब्लॉक एवं महाविद्यालय स्तर पर नगद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं विशेष प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान किए जाएंगे। वहीं 300 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन कराने वाले विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को भी विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों से अधिकाधिक संख्या में परीक्षा में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। परीक्षा के लिए नामांकन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से इस वर्ष महासमुंद विकासखंड में बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक परीक्षा में भाग लेकर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

# मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा, 9 को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मरार पटेल समाज जिला महासमुंद के नए जिलाध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों के चुनाव के लिए निर्वाचन प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी गई है। समाज द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पूरा निर्वाचन कार्यक्रम पारदर्शी एवं सुनियोजित तरीके से कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 30 जुलाई 2026 तक जिले के अतर्गत आठ राज जिसमें नांदगांव, फूलझर, कौडिया, बारापाली, खल्लारी, नर्रा, बकमा एवं कुसमी राज इत्यादि शामिल है। प्रत्येक राज से 07 सदस्य मतदाताओं के नाम संकलित किए जाएंगे। इसके पश्चात 05 अगस्त 2026 को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिस पर दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 07 अगस्त तक किया जाएगा और 08 अगस्त 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

**9 अगस्त को होगा अंतिम फैसला**

मुख्य निर्वाचन 9 अगस्त रविवार 2026 को जिला मुख्यालय समाजिक भवन में आयोजित होगा। प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक समाज हित में निर्विरोध निर्वाचन एवं सर्वसम्मति से मनोनयन का प्रयास किया जाएगा। अपराह्न 01 बजे से यदि सहमति नहीं बनती है तो अपराह्न 01 बजे से 01:30 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। अपराह्न 01:30 से 02:00 बजे तक नामांकन की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। अपराह्न 02:20 से 03 बजे तक मतदान कराया जाएगा। अपराह्न 03:10 बजे से वोटों की गिनती (मतगणना) के बाद नए पदाधिकारियों/विजेताओं के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। दावा-आपत्ति एवं मतदाता सूची संबंधी जानकारी भेजने के लिए समाज द्वारा प्रभारी सोहनलाल पटेल, शिक्षक रामशरण पटेल, प्रधानपाठक ओमप्रकाश पटेल (कार्यालय सचिव) को बनाया गया है।



## खबर संक्षेप



### समाज ने किया अधिवक्ता अमित यादव का सम्मान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ एवं उपसमिति एकादश उत्थान यादव कल्याण महासभा रायपुर द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक एकजुटता के लिए कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ताराचंद यदु सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे। अध्यक्षता बिसरा राम यादव ने किया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा अमित यादव को समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। अमित यादव पूर्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष रहे चुके है और वर्तमान में जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद में अधिवक्ता है। अमित यादव ने कहा कि वे यादव समाज में हमेशा सेवा भाव से समर्पित रहेंगे।



### प्रधान पाठक ने फिर किया एक माह की सैलरी बच्चों के नाम

**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने अपने पुत्र सार्थक के जन्मदिन पर विद्यालय के बच्चों के लिए आकर्षक हाउस ड्रेस का वितरण किया। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने कहा कि मेरे लिए स्कूल के सभी बच्चे भी मेरे अपने बच्चों जैसे हैं। प्राचार्य जीएल सिन्हा ने कहा कि प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र की यह पहल आर्थिक सहयोग के साथ शिक्षा में मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश भी है।

# गढ़सिवनी स्कूल में व्यक्तित्व विकास व कॅरियर मार्गदर्शन का आयोजन

## साइकोमेट्रिक टेस्ट से बच्चों की पहचान व जोहरी विंडो से बच्चे स्वयं को पहचानना सीखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को शासकीय पदुमन सिंह उमावि गढ़सिवनी में बढ़व संगवारी संस्था द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एससीईआरटी रायपुर से सेवानिवृत्त हुए प्रोफेसर एवं प्राचार्य गण की टीम को संस्था की ओर से प्राचार्य तुलेंद्र सागर ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सभी का परिचय कराते हुए विद्यालय में स्वागत कर मंच बढ़व संगवारी के विशेषग्यों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वरी परगनिहा ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन पश्चात संस्था के परिचय में बताया कि बढ़व संगवारी संस्था यह एक स्वपोषित संस्था है, जो स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग व व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम करती है। बच्चों को मार्गदर्शन कर उनके अभीरूचि के अनुसार उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन करती है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम गढ़सिवनी के शासकीय पदुमन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित हुए हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक एससीईआरटी रायपुर से शिव कुमार वर्मा ने साइकोमेट्रिक टेस्ट लेकर किया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि क्षमता और व्यक्तित्व विकास को समझने का प्रयास किया गया। जिसके अनुरूप विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। रामेश्वरी परगनिहा ने पहले छत्तीसगढ़ी में कहानी सुनाई, फिर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हुए तनाव मुक्त रखकर पढ़ाई करने के उपाय सुझाए। एससीईआरटी से ही सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक एवं जीवन



विद्या से जुड़े हुए डॉ राधेश्याम बघेल ने विद्यार्थियों को स्वयं को समर्थ बनाने की प्रेरणा दी। लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने का संदेश दिया। सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक चंद्रभूषण बगरिया जो गढ़सिवनी निवासी भी हैं, जिनके दादा ने स्कूल भवन बनवाया, जिनके नाम पदुमन सिंह से स्कूल का नाम है, ने बच्चों से आत्मीयतापूर्वक छत्तीसगढ़ी में संवाद करते हुए बच्चों में साहस, आत्मविश्वास और जीवन कौशल विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि परिस्थियां कैसी भी हो आत्मविश्वास ही कठिनाइयों को आसान बनाता है। सेजेस पटेवा से सेवानिवृत्त प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने जौहरी विंडो के माध्यम से बच्चों को स्वयं को पहचानना सिखाया। इसके माध्यम से बताया कि जब तक विद्यार्थी अपनी वास्तविक ताकत व कमजोरी को नही समझेंगे, तब तक सही कैरियर के चुनाव कर पाना मुश्किल है। अपनी रुचि और क्षमता का सही संतुलन ही आपको अपनी मंजिल तक पहुचाएगा। जौहरी विंडो के उदाहरण से ही सेवानिवृत्त प्राचार्य किरण बाला वर्मा ने जीव विज्ञान विषय पर फोकस करते हुए कहा कि हम रिस्क लेकर भी विद्यार्जन कर सकते हैं। थोड़ा रिस्क लें अपने बड़ों से मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ सकते हैं। हिम्मत नही हारना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विशेषज्ञों के करकमलों से स्कूल के लोगो का विमोचन किया गया। इस लोगो का भावार्थ संक्षिप्त में ग्राम गढ़सिवनी मध्य एक किला अर्थात गढ़ है, महानदी का सानिध्य, हराभरा प्रकृति, उगता सूर्य, तिरंगा वृत्त, हंस की भांति विवेक, नीला आसमान उन्मुक्त विचार से विद्यार्थी में संकल्प से सफलता प्राप्त के ज्ञान के बल से परिपूर्ण होंगे कि संकल्पना के साथ लोगो को तैयार किया गया, जो विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिये प्रेरित करेगा। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक व आगे बढ़ने के लिए कारगर साबित होगा, जिसे बहुत शालीनता के साथ सुने समझे और आत्मसात करने का प्रयास किये हैं। सभी विशेषज्ञों को विद्यालय की ओर से स्मृतिचिन्ह भेंट कर प्राचार्य व विद्यालय परिवार के सदस्यों ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में तुलेंद्र सागर प्राचार्य, व्याख्यातागण वोमन लाल ठाकुर, रितेश जोशी, सरिता जैसवार, लक्ष्मी ठाकुर, दीनदयाल साहू, ममता शर्मा, तारणी साहू सहा शिक्षक, कार्यालय स्टाफ मनीष भृंगराज, पुरुषोत्तम कमार, मन्थिर यादव के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**बैठक:** 23 विप्र बंधुओं ने स्वप्रेरणा से ग्रहण की समाज की सदस्यता

# उत्कल ब्राह्मण समाज की सदस्यता अभियान का तिलांजनपुर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा द्वारा चलाए जा रहे व्यापक सदस्यता अभियान के तहत ग्राम तिलांजनपुर में विप्र बंधुओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तिलांजनपुर सहित सावित्रीपुर, नारायणपुर एवं लाटादादर के विप्र समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान समाज की टीम का स्वागत एवं सम्मान करते हुए बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने स्वप्रेरणा से समाज की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता अभियान के तहत खंड स्तरीय टीम के संरक्षक एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पीसी त्रिपाठी, विकासखंड अध्यक्ष यूके दास, सचिव अरुण कुमार देवता तथा वरिष्ठ सदस्य प्रदीप होता ने उपस्थित समाजजनों को उत्कल ब्राह्मण समाज की दशा-दिशा, संगठन के उद्देश्यों एवं समाजहित में किए जा



रहे कार्यों की जानकारी दी। समाज के सचिव अरुण कुमार देवता ने समाज के हितों एवं संगठन की एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए प्रत्येक विप्र परिवार की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इसके पश्चात विकासखंड अध्यक्ष यूके दास ने उत्कल ब्राह्मण समाज के गठन, उद्देश्य एवं सामाजिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पीसी त्रिपाठी ने समाज की एकता एवं संगठन के महत्व को रेखांकित करते हुए सदस्यता अभियान को गति देने का आह्वान किया। अभियान के दौरान ग्राम तिलांजनपुर में नरेश कुमार पंडा, वेद प्रसाद पंडा, अजय पंडा, मोहनलाल पंडा, देवेंद्र लाल पंडा, श्यामलाल पंडा, युगल किशोर पंडा, अमृतलाल पंडा, कीर्तिलाल पंडा, शंकरलाल पंडा, संजय कुमार पंडा, कुलमणि पंडा, मोहित पंडा, ललित कुमार मिश्रा, त्रिलोचन मिश्रा, डिग्रीलाल पंडा, भूपेश कुमार उपाध्याय एवं अमृतलाल पंडा सहित विप्र बंधुओं ने सदस्यता ग्रहण की। वहीं सावित्रीपुर से लक्ष्मण मिश्रा एवं तुलसीराम मिश्रा तथा नारायणपुर से संकर्षण पंडा को समाज की सदस्यता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सांकरा क्षेत्र के ग्राम गौरिया निवासी वीरेंद्र देवता एवं सुरेश देवता ने भी समाज की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। कार्यक्रम के अंत में तिलांजनपुर के मुखिया नरेश कुमार पंडा ने उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# युक्तियुक्तकरण से सरकारी शिक्षा व्यवस्था हुई बदहाल : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा है कि सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिया गया निर्णय प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बदहाल करने पर आमादा है। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के स्कूल सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि केवल महासमुंद जिले में ही युक्तियुक्तकरण के अव्यवहारिक स्थानांतरणों के कारण 60 से अधिक विद्यालय आज एकल शिक्षकीय स्थिति में पहुंच गए हैं, जबकि कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया पर पड़ा है।



पूर्व विधायक चंद्राकर ने कहा कि प्राथमिक शालाओं में मात्र दो शिक्षकों के भरोसे बालवाड़ी से लेकर पांचवीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन, साथ ही कार्यालयीन कार्य और अन्य गैर-शैक्षणिक जिम्मेदारियों को निभाना किसी भी दृष्टि से संभव नहीं है। माध्यमिक विद्यालयों की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विषयवार पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। यह स्थिति न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के भी विपरीत है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालयों के विलय के बाद भी भवनों की संख्या और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी जस की तस बनी हुई है, लेकिन अनुदान घटने से बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन तक नहीं मिल पा रहे हैं। परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में अभिभावकों का भरोसा टूट रहा है।

# लाफिनखुर्द में विधायक ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 136वें एपिसोड का प्रसारण को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम लाफिनखुर्द में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव के निवास में सुना।

इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, मंडल महामंत्री साजन यादव, पूर्व महामंत्री नामदेव साहू, ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष चुनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य संतोष साहू, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष राकेश सचदेवा, बूथ अध्यक्ष प्रेमनाथ ध्रुव, लोकनाथ साहू, ग्रामीण मोर्चा उपाध्यक्ष राजू साहू सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अहमदाबाद में एक घंटे में 3.5 लाख और यूपी में एक दिन में 35 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गए। लोगों से प्रकृति संरक्षण में भागीदारी की अपील की। उन्होंने बिहार के सीतामढ़ी में प्लास्टिक कचरे से बेंच बनाने की पहल का उदाहरण दिया। गणेशोत्सव पर पीओपी और प्लास्टिक की बजाय मिट्टी की गणेश प्रतिमा अपनाने की अपील दोहराई। कश्मीर की वागु चटाई, बिजनौर की हर्बल चाय, नेशनल हैंडलूम डे और खादी की बढ़ती बिक्री का जिक्र करते हुए लोकल उत्पाद खरीदने की अपील की। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम को याद किया, गुरु पूर्णिमा और स्वतंत्रता दिवस का जिक्र करते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने का आह्वान किया।

# विधायक जनसंपर्क कार्यालय में सुनी गई प्रधानमंत्री की 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय विधायक जनसंपर्क कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है। इस दौरान मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, किसान मोर्चा प्रदेश सह-संयोजक अजय डड़सेना, सहकारी समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, पुष्पराज गजेंद्र, दिलीप निषाद, संजय गोयल, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष कुलजीत आजमानी, बेनू वैष्णव, नानू सोनी, सतीस ध्रुव एवं किशन ध्रुव सहित कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# कृषकों व खेतिहर मजदूरों के साथ जिपं उपाध्यक्ष भीखम ने सुनी 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 136वें एपिसोड का रविवार प्रसारित हुआ। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बारिश के बीच खेतों में पहुंचकर रोपाई कार्य में जुटे कृषकों व खेतिहर मजदूरों के साथ रेडियो के माध्यम से ग्राम घुंचापाली कला के बूथ क्रमांक 85 एवं 86 में पीएम के संबोधन को सुना।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनजागरूकता और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश हमें वीर सैनिकों के सम्मान, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बागबाहरा शहर एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री चंद्रशेखर ध्रुव, भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी हीरा साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर सिंह देशकर सहित संतोष साहू, मुकेश ध्रुव, मंगली बरिहा, चेतन यादव, फुलेश्वरी ध्रुव, मोहर ध्रुव, संजय ध्रुव, खेमराज साहू, धर ध्रुव, कुमारी ध्रुव, वागेश यादव, कांति ध्रुव, दुर्गा साहू, कुमारी यादव, ईश्वरी ध्रुव, नीतू साहू, सुमन साहू, हेतु बरिहा एवं बड़ी संख्या में कृषक, खेतिहर मजदूर और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अपने दायित्वों को अनुशासन व ईमानदारी के साथ पालन करने किया प्रेरित

# छात्रसंघ का हुआ गठन, नेमीचंद साहू बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उमावि में छात्रसंघ का गठन किया गया। छात्र संघ में शाला नायक नेमीचंद साहू, उपशाला नायक पूर्वा साहू, सचिव निहारिका जलक्षत्री, सहसचिव दिव्यानी साहू, छात्र प्रतिनिधि जानवी साहू, अमृता साहू, सांस्कृतिक प्रभारी जानिया चतुर्वेदी, साक्षी नायक, क्रीड़ा सचिव कुणाल विश्वकर्मा, सिद्धो नायक, बागवानी प्रतिनिधि योगेश साहू, चांदनी साहू, स्वच्छता प्रभारी भूमिका आर्य, निकिता वैष्णव, साज सज्जा प्रभारी पल्लवी यादव, अन्नपूर्णा चंद्राकर, व्यायाम प्रभारी रुचि साहू, पायल साहू, प्रार्थना प्रभारी धनिका आर्य, दुर्गा साहू, खोया पाया विभाग जिवेन्द्र साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, साइकिल पार्किंग प्रभारी लोकेश साहू, जितेंद्र सिंह राजपूत, जन्म दिवस प्रभारी- भोमिका कन्नौजे, प्रिया चंद्राकर, अनुशासन एकता प्रभारी भेखराम चक्रधारी, त्रिलोचन साहू, माइक इलेक्ट्रॉनिक प्रभारी जितेंद्र साहू, हिमांशु साहू, क्विज कंपीटिशन निबंध प्रतियोगिता प्रभारी भावना साहू, तृप्ति साहू, चिकित्सा प्रभारी देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, आयुषी जोशी, स्काउट प्रभारी राहुल साहू, गाइड प्रभारी पल्लवी साहू, रेडक्रास प्रभारी गरिमा साहू।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, सह-सचिव दूषण लाल साहू, छात्र संघ प्रभारी शिक्षक वाणिज्य विभाग के व्याख्याता लोकेश चंद्राकर, तथा वरिष्ठ व्याख्याता गरिमा साहू के नेतृत्व में मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शाला



नायक, उपशाला नायक, सचिव तथा सह-सचिव का चयन उनकी प्रवीणता के आधार पर किया गया। शेष पदों का चयन उनकी रुचि, योग्यता और इच्छा के अनुसार किया गया। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उनके अनुरूप कार्य करेंगे। सभी पदाधिकारियो को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना होगा तथा संयमित अनुशासन का परिचय देते हुए सामुदायिक सहभागिता का प्रदर्शन समाज के बीच आदर्शात्मक रूप में रखना होगा, जिससे बच्चों में कलात्मक, सहयोगात्मक, रचनात्मक, अभिव्यक्ति कौशल क्षमताओं सहित विभिन्न विकासात्मक गुणों का विकास होगा। संस्था के सहसचिव दूषण लाल साहू ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का केंद्र है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षकों का सम्मान करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। मंच संचालन व्याख्याता लोकेश चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू(सहसचिव), कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, यमन सिन्हा, ऋषभ साहू, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, मीरा चंद्राकर, कुमारी साहू, पम्मी यादव, दीपा साहू, किरण विश्वकर्मा, जय श्रीवास्तव, ललिता सिन्हा, गायत्री सेन, भूमिका चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

